## समाचार

## वार्ड क्र. 25 एवं 22 में 23 लाख रू. के विकास कार्यो का भूमिपूजन किया महापौर ने



कोरबा 22 सितम्बर 2019—महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने शनिवार को वार्ड क्र. 25 एवं वार्ड क्र. 22 में 23 लाख रूपये की लागत वाले 02 सामुदायिक भवनों के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया तथा कार्य को प्रारंभ कर पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य संपादित करने व समयसीमा में कार्यो को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोसाबाड़ी जोनांतर्गत वार्ड क्र. 25 बुधवारी स्थित गजानन सांई मंदिर के समीप 16 लाख 76 हजार रूपये की लागत से सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाना हैं। इसी प्रकार वार्ड क्र. 22 महाराणा प्रताप नगर एच.आई.जी.कालोनी के समीप 05 लाख 85 जार रूपये की लागत से सामुदायिक भवन के निर्माण का कार्य कराया जाना हैं, उक्त दोनों वार्डो में पृथक—पृथक आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इन विकास कार्यो का भूमिपूजन किया तथा कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज जिन सामुदायिक भवनों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया है, इनकी मांग यहां के निवासियों द्वारा काफी समय से की जा रही थी। इन सामुदायिक भवनों के बन जाने से वार्ड के नागरिकों को अपने सार्वजनिक व सामाजिक कार्यक्रमों हेतु एक सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध हो सकेगा। उन्होने आगे कहा कि विगत पौने पांच वर्षो के कार्यकाल में निगम क्षेत्र के सभी 67 वार्डो में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए गए हैं तथा मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यो को प्राथमिकता के साथ संपादित कराया गया है। इस अवसर पर सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर ने कहा कि निश्चित रूप से महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल का यह कार्यकाल कोरबा के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है तथा इस कार्यकाल में सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में तेजी के साथ विकास कार्य कराए गए हैं, वर्षो की समस्याएं दूर की गई हैं तथा सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं।

महापौर का किया गया सम्मान— वार्ड क्र. 25 बुधवारी स्थित गजानन सांई मंदिर के समीप आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान श्री गजानन सांई मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सामुदायिक भवन के निर्माण

के लिए महापौर श्रीमती अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया तथा शाल एवं श्रीफल भेंटकर उनका अभिनंदन किया, इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने गजानन सांई मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की तथा नगर के विकास व आमनागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की।

भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान सभापति धुरपाल सिंह कंवर के साथ ही एम.आई.सी.सदस्य रामगोपाल कुर्रे, पार्षद मनहरण राठौर, सिमरनजीत कौर, संतोष राय, पूर्व सभापति संतोष राठौर, कुसुम द्विवेदी, अर्चना उपाध्याय, संगीता सक्सेना, निगम के सहायक अभियंता एन.के. नाथ, तपन तिवारी, देवेन्द्र स्वर्णकार आदि के साथ काफी संख्या में वार्ड के लोग उपस्थित थे।